प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए –

(i) जो अपनी किस्मत रचते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

(अ) साहसी

(ब) आलसी

(स) रचयिता

(द) मेहनती

(ii) निम्न में से विशेषण छाँटिए –

(अ) भोजन

(ब) पत्नी

(स) लिखना

(द) गर्म–गर्म

(iii) वर्ण 'व' का उच्चारण स्थान है –

(अ) नासिका

(ब) दंत मूल

(स) दंत

(द) दंत + ओष्ठ

(iv) विश्व का सबसे बड़ा अंतरिक्ष संस्थान 'नासा' किस देश में है?

(अ) भारत

(ब) अमेरिका

(स) चीन

(द) जापान

(v) 'एक दिन भुज का' पाठ में लेखक किससे बात करता है?

(अ) कविता से

(ब) डायरी से

(स) कहानी से

(द) नाटक से

(vi) अब्राहम लिंकन ने पत्र किसके नाम लिखा था?

(अ) पुत्र के दादा

(ब) पुत्र के दोस्त

(स) पुत्र के शिक्षक

(द) पुत्र के नाना

प्र.2 रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए - (1×6=6)

(i) दो शब्दों ........................ के मेल को कहते हैं।

(संधि / समास)

(ii) हेलेन केलर ने छः बार विश्व भ्रमण कर ........................ रुपयों की राशि एकत्र की।

(लाखों / करोड़ों)

(iii) 'सतपुड़ा के घने जंगल' यह कविता ........................ ने लिखी है।

(भवानीप्रसाद मिश्र / सुमित्रानंदन पंत)

(iv) 'लाभ' शब्द का विलोम ........................ है।

(मानि / हानि)

(v) 'बसावट' शब्द में प्रत्यय ........................ है।

(वट / आवट)

प्र.3 सही जोड़ियाँ बनाकर लिखिए –

| (अ) | (ब) |
| --- | --- |
| (i) पीर की मजार | (क) अंतरिक्ष |
| (ii) हेलेन केलर | (ख) विभक्ति या परामर्श |
| (iii) 'र' के रूप | (ग) सूफी संतों की दरगाह |
| (iv) अनुस्वार | (घ) स्वावलंबी महिला |
| (v) कारक–चिह्न | (ङ) रेफ 'एक पदेन' |
| (vi) आकाश, शून्य खगोल मंडल | (च) अं |

प्र.4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – (1×6=6)

(i) अंतरिक्ष यात्री कौन होते हैं?

(ii) अगर सूरज ने ब्याह किए, तो कितने पुत्र जन्माएगा?

(iii) मेहमान ने बड़ी रुचि से कौन–कौन सी चीजें खाईं?

(iv) सीमा सुरक्षा के जवानों को कौनसी दौड़ करना था?

(v) हमें पानी कहाँ–कहाँ से प्राप्त होता है?

(vi) पं. अलोपीदीन कौन थे?

प्र.5 सत्य / असत्य लिखिए – (1×6=6)

(i) वंशीधर को नमक के दारोगा की नौकरी मिल गई।

(ii) डॉ. कलाम के बचपन के दो दोस्त थे – रामानंद व अरविंद।

(iii) पं. जसराज का जन्म 28 फरवरी, 1930 को हरियाणा के हिसार में हुआ था।

(iv) मूल व्यंजनों की संख्या 35 है।

(v) जो हथियार फेंक कर चलाए जाते हैं, उन्हें शस्त्र कहते हैं।

(vi) पेड़–पौधे हमारे लिए फायदेमंद है।

प्र.6 कण्ठ से उच्चारित होने वाले वर्ण लिखिए। (2)

**<u>अथवा</u>**

डॉ. कलाम बचपन में किन चीजों से संतोष कर लेते थे?

प्र.7 पर्यायवाची शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

**<u>अथवा</u>**

पं. जसराज जी का पहला कार्यक्रम कब और कैसे मिला?

प्र.8 पेड़ पौधे हमारे लिए किस प्रकार फायदेमंद हैं? (2)

**अथवा**

हेलेन केलर के माता व पिता का नाम लिखिए।

प्र.9 कारक की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

**अथवा**

संधि की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.10 तत्सम अथवा तद्भव की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

**अथवा**

चक्षु और नासिका का तद्भव रूप लिखें।

प्र.11 अंतरिक्ष में यात्री कैसे चलते हैं और क्या खाते हैं? (2)

प्र.12 पुराने जमाने में पत्र/संचार के कौन–कौन से माध्यम थे?

<u>अथवा</u>

जल का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है?

प्र.13 समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

<u>अथवा</u>

नमक का दारोगा कहानी का कौनसा पात्र आपको सबसे अधिक प्रभावित करता है और क्यों?

प्र.14 आप अपने घर में किस–किस प्रकार के अनुशासन का पालन करते हैं?

**अथवा**

'क्रम' व 'ट्रम' शब्दों को विच्छेद करके लिखिए।

प्र.15 'सतपुड़ा के घने जंगल' कविता की चार पंक्ति लिखिए।

**अथवा**

पर्यावरण दिवस कब और क्यों मनाया जाता है?

प्र.16 मासिक वेतन को पूर्णमासी का चांद क्यों कहा गया है?

प्र.17 जल के भीतर से वृद्ध मछली ने सभी जीव–जंतुओं से क्या कहा है? (2)

**अथवा**

'मिज़बान' कहानी किस बोली की लोककथाओं का संकलन है?

प्र.18 'पत्नी', 'साँप', 'गुझिया' इन संज्ञा शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (3)

**अथवा**

'सूरज का ब्याह' कविता की प्रथम दो पंक्तियाँ लिखिए।

प्र.19 आज सुबह से उठकर आपने क्या किया? लिखिए। (3)

**अथवा**

दिए गए विराम चिह्नों का प्रयोग करते हुए वाक्य लिखिए –

(: –) (" ") (;)

प्र.20 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए – (3)

(i) अंगूठा दिखाना

(ii) तिल का ताड़ बनाना

<u>अथवा</u>

नमक का दारोगा कहानी का सारांश लिखिए।

प्र.21 निम्नलिखित अपठित गद्यांशों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

अगर मनुष्य में कर्त्तव्य बोध नहीं है तो वह उच्च पद प्राप्त करके भी समाज के सापेक्ष असफल ही कहा जाएगा। उच्च शिक्षा व योग्यता तभी उपयोगी है जब व्यक्ति ही अपने उत्तरदायित्वों के निर्वहन में खरे उतरते हैं। सचमुच में ऐसे व्यक्ति ही सही अर्थ में राष्ट्र सेवक होते हैं। एक शिक्षक कितना ही विद्वान क्यों न हो अगर उसमें अपने विद्यार्थियों के प्रति कर्त्तव्य–बोध न हो तो कभी भी राष्ट्र निर्माता नहीं।

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

(iii) उच्च शिक्षा व योग्यता कब उपयोगी है?

प्र.22 अपने प्राचार्य को बुक बैंक से पुस्तक प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

<u>अथवा</u>

अपने मित्र को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर बधाई पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए – (4)

(i) विज्ञान के चमत्कार

(ii) पुस्तकालय का महत्त्व

(iii) समाचार पत्र की उपयोगिता

(iv) जल का महत्त्व

(v) समाज में नारी का स्थान